नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

# दतिया के नेता के भाग्य का फैसला आज

## सामान्य प्रेक्षक विजय भारती एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**दतिया, 2 अगस्त. दतिया विधानसभा उप निर्वाचन-के अंतर्गत 3 अगस्त को होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मतगणना से एक दिन पूर्व सामान्य प्रेक्षक विजय भारती एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े ने पॉलीटेक्निक कॉलेज स्थित मतगणना केंद्र पहुंचकर विभिन्न व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतगणना कक्षों की तैयारियों, मतगणना टेबलों की व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतगणना प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जाए। सामान्य प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना केंद्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं तथा केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जाए। साथ ही मीडिया प्रतिनिधियों के लिए बनाए गए मीडिया सेंटर एवं अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



मतगणना की सभी तैयारियां पूर्ण, गणना आज

### इनका कहना है...

मतगणना के लिए कुल 21 काउंटर बनाए गए हैं, जिनमें 20 काउंटर ईवीएम मतगणना तथा 1 काउंटर डाक मतपत्रों की गणना के लिए निर्धारित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतगणना के प्रत्येक चरण में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए तथा पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए।

**स्वप्निल वानखेड़े**
**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी**

### नशामुक्त युवा अभियान का शुभारंभ

# पीएम मोदी बोले-देश, परिवार और खुद के लिए नशे से रहें दूर



**भोपाल, 2 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली से 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प' के राष्ट्रव्यापी अभियान का वर्चुअल शुभारंभ किया.**

इस अभियान का उद्देश्य देश के युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और उनकी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक दिशा देना है. अभियान अगले 100 सप्ताह तक लगातार चलाया जाएगा.

इस अवसर पर भोपाल स्थित मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए. मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं और नागरिकों को नशामुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई. पीएम नरेंद्र मोदी ने अभियान के शुभारंभ अवसर पर कहा कि यह अभियान एक व्यक्ति, परिवार, समाज और पूरे राष्ट्र के लिए है. उन्होंने कहा कि जब कोई युवा नशे की गिरफ्त में आता है तो केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक परिवार और एक सपना भी प्रभावित होता है. उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे देश के लिए, परिवार के लिए और खुद अपने लिए सभी प्रकार के नशे से हमेशा दूर रहें. उन्होंने कहा कि नशा जीवन की खुशियां छीन लेता है.

### एक नजर में

#### महाकाल की शाही सवारी से पहले सघन जांच

**उज्जैन.** मध्यप्रदेश के उज्जैन में श्रावण माह तथा सोमवार को भगवान श्री महाकाल की शाही सवारी के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उज्जैन पुलिस ने व्यापक स्तर पर सघन जांच एवं सत्यापन अभियान चलाया है। पुलिस द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, क्राइम ब्रांच, महाकाल थाना एवं देवास गेट थाना पुलिस की संयुक्त टीमों ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, डेरे, होटल, लॉज तथा अन्य सार्वजनिक एवं संवेदनशील स्थानों पर गहन जांच और सत्यापन की कार्रवाई की।

#### पिकअप की टक्कर से एक युवक की मौत

**भिण्ड.** मध्यप्रदेश में भिण्ड के लहार नगर स्थित भटपुरा बाईपास चौराहे पर आज बाइक और पिकअप की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गिरवासा निवासी शिवम श्रीवास्तव बाइक से लहार से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान भटपुरा बाईपास चौराहे पर पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। आरोप है कि पिकअप चालक तेज और लापरवाही से वाहन चला रहा था। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने शिवम को तुरंत लहार के सिविल अस्पताल पहुंचाया।

# छिंदवाड़ा में बोलेरो पलटने से 15 छात्र गंभीर रूप से घायल

**छिंदवाड़ा, 2 अगस्त. मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में नागपुर मार्ग स्थित लिंगा बायपास के पास शनिवार देर रात छात्रों से भरी एक बोलेरो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार 15 छात्र घायल हो गये।**

दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो में सवार सभी 18 छात्र सिवनी जिले के शासकीय हाई स्कूल दिघोरी के हैं। छात्र धार्मिक यात्रा पर प्रसिद्ध जाम सावली हनुमान मंदिर में दर्शन करने के लिए रवाना हुए थे। रविवार सुबह सभी जामसावली मे दर्शन करने वाले थे। बताया जाता है कि देर रात जब बोलेरो लिंगा बायपास क्षेत्र से गुजर रही थी, तभी चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया।

पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस तथा अन्य वाहनों की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक परीक्षण कर उपचार शुरू किया। गंभीर रूप से घायल छात्रा के सिर और कान के समीप गहरी चोट होने के कारण तत्काल ऑपरेशन थिएटर में ले जाकर टांके लगाए गए।

# डीएसपी सोनी ने तीन होटलों में मारा छापा, मचा हड़कंप

## महिला सुरक्षा शाखा की बड़ी कार्रवाई, अनियमितता मिलने पर होटल मैनेजरों से पूछताछ, संचालकों को थमाया गया नोटिस

**ग्वालियर. शहर के होटलों और स्पा सेंटरों में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए ग्वालियर पुलिस द्वारा लगातार आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।**

इसी कड़ी में महिला सुरक्षा शाखा प्रभारी छ्स्क्शिखा सोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कैलाश नगर, सिटी सेंटर स्थित तीन होटलों पर अचानक दबिश दी। पुलिस की इस सरप्राइज चेकिंग से क्षेत्र के होटल संचालकों में हड़कंप मच गया। हाल ही में जनसुनवाई के दौरान कैलाश नगर के स्थानीय निवासियों ने क्षेत्र में संचालित होटलों को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (पूर्व) डॉ. शिवेश सिंह बघेल के मार्गदर्शन में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया।



1 अगस्त को होटल शिखा सोनी और महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रश्मि भदौरिया ने पुलिस बल के साथ होटल हेरिटेज, हैप्पी इन और हेवन इन में आकस्मिक निरीक्षण किया। चेकिंग के दौरान जब होटलों के रजिस्टर और अतिथियों के पहचान पत्रों से जुड़े अभिलेखों की जांच की गई, तो उनमें कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने संबंधित होटल मैनेजरों को पूछताछ के लिए थाने भेजा और होटल संचालकों के खिलाफ नोटिस जारी किए।

# पत्नी की बेरहमी से हत्या, दरवाजा खुलते ही सहम गए पड़ोसी

1 चीख सुनकर दौड़े लोग, खून से लथपथ मिला शव

2 पुलिस ने आरोपी पति को किया गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

**रतलाम। शहर के व्यस्त चांदनी चौक स्थित सुनार बावड़ी क्षेत्र में रविवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे शहर को झकझोर दिया।**

घर के भीतर से उठ रही चीखें सुनकर पड़ोसी दौड़ते हुए पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कमरे के भीतर खून से लथपथ महिला पड़ी थी और उसका पति वहीं मौजूद था। यह दृश्य देखकर आसपास के लोगों के होश उड़ गए



और पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। 35 वर्षीय असगर अली ने अपनी 33 वर्षीय पत्नी रुकैया की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात के समय घर में दंपती की 7 वर्षीय बेटी और 2 वर्षीय बेटा भी मौजूद थे।

# शाखा का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर डाला

## हीरानगर में संघ सदस्यों की शिकायत पर देर रात दर्ज हुई एफआईआर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. हीरानगर क्षेत्र में संघ की शाखा का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल करने और शाखा से जुड़े लोगों को धमकाने का मामला सामने आया है. शिकायत के बाद पुलिस ने वीणा नगर निवासी छात्र क्षितिज वाने के खिलाफ वीडियो वायरल कर बदनाम करने और धमकाने के आरोप में प्रकरण दर्ज किया है.**

संघ सदस्य मोहनलाल मालवीय की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है. मोहनलाल ने पुलिस को बताया कि वह दीपक शर्मा, लोकेंद्र कोष्ठी, लालजी प्रतापत, नितिन विश्वकर्मा सहित अन्य साथियों के साथ नॉर्थ एवेन्यू के खाली मैदान में प्रतिदिन शाखा संचालित करते हैं. इसी मैदान के सामने क्षितिज वाने रहता है. शिकायत में बताया गया कि करीब छह महीने पहले भी क्षितिज शाखा स्थल पर पहुंचा था और वीडियो बनाते हुए पूछने लगा था कि यहां शाखा क्यों लगाई जाती है. उस समय समझाइश देकर उसे वहां से भेज दिया था. आरोप है कि छह महीने बाद उसने फिर वीडियो बनाया और उसे इंस्टाग्राम पर शेयर कर दिया, साथ ही कुछ फोटो भी वायरल किए. मोहनलाल मालवीय ने शिकायत में आरोप लगाया कि क्षितिज ने आरएसएस देशद्रोही नाम से पोस्ट भी वायरल की, जिससे माहौल खराब होने की आशंका थी. इसके बाद संघ सदस्यों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी. शनिवार देर रात करीब 2 बजे संघ सदस्य हीरानगर थाने पहुंचे और वीडियो सहित अन्य सामग्री पुलिस को सौंपकर शिकायत दर्ज कराई.

### जांच की जा रही है...

शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज किया है. वायरल वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट की जांच की जा रही है. जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. साथ ही इस तरह के वीडियो पर साइबर क्राइम द्वारा नजर भी रखी जा रही है.

**सतीश पटेल**
**हीरा नगर थाना प्रभारी**

# बिजली बिल अपडेट के बहाने 98 हजार की साइबर ठगी

- एमपीईबी अधिकारी बनकर फोन किया
- फोनपे पर कोड डलवाकर खाते से उड़ाई रकम

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 2 अगस्त. कनाड़िया थाना क्षेत्र में बिजली बिल अपडेट कराने के नाम पर एक रिटायर्ड गैस प्लांट अधिकारी के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है. ठग ने खुद को एमपीईबी अधिकारी बताकर ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कराने का झांसा दिया और फोनपे पर कोड डलवाकर उनके बैंक खाते से 98 हजार 560 रुपए निकाल लिए.**

शिकायत के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. कैलिफोर्निया सिटी निवासी देवकरण मालवीय ने पुलिस को बताया कि वे गैस प्लांट से रिटायर हो चुके हैं. 30 जुलाई को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया. कॉल करने वाले ने खुद को एमपीईबी का अधिकारी बताते हुए कहा कि बिजली बिल रामकन्या मालवीय के नाम से दर्ज है, जिसे ऑनलाइन अपडेट करना जरूरी है.

ऐसा नहीं करने पर बिल आना बंद हो जाएगा. बातों में उलझाकर ठग ने उन्हें फोनपे एप पर एक कोड दर्ज करने के लिए कहा. जैसे ही उन्होंने कोड डाला, उनके इंडियन बैंक खाते से 98 हजार 560 रुपए एक अज्ञात यूपीआई आईडी पर ट्रांसफर हो गए. ठगी का पता चलने के बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की.

### जानकारी जुटाई जा रही है...

मामले में शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है. जिस यूपीआई आईडी पर रकम ट्रांसफर हुई है, उसकी जानकारी जुटाई जा रही है. लोगों से अपील है कि बिजली बिल अपडेट या किसी भी ऑनलाइन प्रक्रिया के नाम पर आए अनजान कॉल पर कोई कोड या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें.

**सहर्ष यादव**
**कनाड़िया थाना प्रभारी**

# प्रेम प्रसंग के चलते हत्या कर शव को नदी में फेंका, चार गिरफ्तार

**छिंदवाड़ा, 2 अगस्त. हत्या करे के बाद शव को नदी में फेंकने के मामले में बिछुआ पुलिस ने एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा किया है.**

बिछुआ थाना प्रभारी सतीश उईके ने बताया कि ग्राम पुलपुलडोह प्रेम संबंध के चलते हुई प्रेमी की हुई हत्या प्रेमिका सहित 04 आरोपी गिरफ्तार ध्रुपदास पिता टीटू रेवारे 55 वर्ष का शव दांत फाडि?ा नदी स्टाफ डेम में पड़ा हुआ पाया गया था. स्थानीय लोगों ने इस बात की सूचना पुलिस को दी थी. सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्ट मार्टम के लिए पहुंचा दिया. पोस्ट मार्टम में यह बात सामने आई की ध्रूपदास रेवारे की किसी लोहे की वस्तू से मारपीट कर हत्या की गई है, फिर शव को नदी में फेंक दिया गया. इस पर पुलिस ने अज्ञात हत्यारे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की और पुलिस ने उक्त मामले में गीता पति स्व. सुखपाल बादशाह 50 वर्ष निवासी ग्राम पुलपुलडोह कृष्णकांत उर्फ प्यारे बादशाह पिता स्व. सुखपाल बादशाह 26 वर्ष व अन्य को गिरफ्तार किया है.

# थीम रोड पर धरना समाप्त कराने को लेकर हंगामा

- आरक्षण के विरोध और हक के लिए धरने पर लोग
- स्थल खाली कराने पहुंची पुलिस से तीखी नोकझोंक

**ग्वालियर. शहर के कटोराताल थीम रोड स्थित फ्लैग पॉइंट पर जारी धरने को समाप्त कराने और स्थल को खाली कराने पहुंची पुलिस टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। कार्रवाई के दौरान पुलिस अधिकारियों और वहां मौजूद अधिवक्ता के बीच जमकर तीखी बहस और नोकझोंक हुई।**



कटोराताल थीम रोड के फ्लैग पॉइंट पर आरक्षण के विरोध और गरीबों के हक के लिए धरने पर बैठे अधिवक्ता एक अधिवक्ता और कुछ लोगों को अपनी मांगों को लेकर पिछले कुछ समय से धरना-प्रदर्शन चल रहा था। रविवार को पुलिस प्रशासन की टीम दल-बल के साथ धरना समाप्त कराने और प्रदर्शनकारियों को हटाने मौके पर पहुंची थी।

कार्रवाई के दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हो गई। अधिवक्ताओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए विरोध दर्ज कराया और संवैधानिक अधिकारों की दुहाई दी। वहीं पुलिस अधिकारियों ने समझाइश देते हुए कानून-व्यवस्था का हवाला दिया। काफी देर तक चले हंगामे और नोकझोंक के बाद मौके पर तनावपूर्ण माहौल निर्मित हो गया। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और वरिष्ठ अधिकारी स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मध्यस्थता में जुटे हैं।

**पुलिस का पक्ष:** पुलिस अधिकारियों का कहना था कि सार्वजनिक स्थल पर यातायात, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।



# हाईवा से कुचलकर हत्या मामले में मुख्य आरोपी का सहयोगी गिरफ्तार

**नरसिंहपुर।** 19 जुलाई 2026 को इंद्रानगर NH पर हाईवा से 5 लोगों की मौत और 1 घायल की घटना को पुलिस ने सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि साजिशन हत्या पाया। इस मामले में मुख्य आरोपी के सहयोगी प्रीतम बर्मन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।एसपी डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पर्दाफाश किया। जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी आनंद पटेल का सहयोगी प्रीतम पिता पुन्नू बर्मन, 35 वर्ष निवासी बेलखेड़ा दूसरे हाईवा लेकर सड़क के दूसरी तरफ मृतक और उसके साथियों का इंतजार कर रहा था, ताकि जरूरत पड़ने पर टक्कर मारी जा सके। इस मामले में अब तक 11 आरोपियों को चिन्हित कर मामला पंजीबद किया गया है ।

### शहीद | महू में सेना ने दी अंतिम सलामी, सैफी मस्जिद में हुई नमाज-ए-जनाजा

# नम आंखों से विदा हुए इंदौर के वीर सपूत मेजर हमजा आरिफ

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 2 अगस्त. देश की हिफाजत करते हुए शहीद हुए इंदौर के वीर सपूत मेजर हमजा आरिफ को रविवार को हजारों नम आंखों ने अंतिम विदाई दी. राजस्थान के जैसलमेर में सड़क हादसे में शहीद हुए मेजर हमजा आरिफ का पार्थिव शरीर सुबह इंदौर पहुंचा.**

सबसे पहले महू सैन्य छावनी में सेना के अधिकारियों और जवानों ने उन्हें सैन्य सम्मान के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की. इसके बाद सैफी नगर स्थित सैफी मस्जिद में नमाज-ए-जनाजा अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. इमली बाजार कब्रिस्तान में भारतीय सेना ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें पूरे एहतराम के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया. देश की सरहदों की हिफाजत में तैनात मेजर हमजा आरिफ की शहादत की खबर से पूरा इंदौर गमगीन रहा. रविवार सुबह सेना के विशेष वाहन से उनका पार्थिव शरीर शहर लाया गया. सबसे पहले उन्हें महू सैन्य छावनी ले जाया गया, जहां सेना के जवानों ने अपने साथी अधिकारी को अंतिम सलामी दी. इसके बाद पार्थिव शरीर को सैफी नगर स्थित सैफी मस्जिद लाया गया. सुबह 9 बजे नमाज-ए-जनाजा अदा की गई. जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, समाजजन और बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे.



इमली बाजार कब्रिस्तान में हुए सुपुर्द-ए-खाक

### हमेशा से रहा देश सेवा का जज्बा...

हमजा हमेशा देश के लिए कुछ करने का जज्बा रखते थे. उनका जाना हमारे लिए अपूरणीय क्षति है. उनकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी.

**दोस्त, हार्दिक देवकर**

### जन्नत में आला मुकाम अता फरमाए



मेजर हमजा आरिफ ने देश की सेवा करते हुए अपनी जान कुर्बान की है. अल्लाह उन्हें जन्नत में आला मुकाम अता फरमाए.

**शहर काजी इंदौर, डॉ. इशरत अली**

### कर्तव्यनिष्ठ और समर्पित अधिकारी



मेजर हमजा आरिफ कर्तव्यनिष्ठ और समर्पित अधिकारी थे. उनकी शहादत को हमेशा सम्मान के साथ याद किया जाएगा.

**सत्यनारायण जाट**
**आरआर कैट अधिकारी**

# पटवारी के घर कांग्रेसियों में घमासान

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 2 अगस्त. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के घर कांग्रेसियों में हंसी मजाक की बात के बाद घमासान हो गया। शहर के दो नेता और उनके समर्थक आमने सामने हो गए। मामले में सभी को समझाइश देकर शांत किया गया।**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बिजलपुर स्थित आवास पर शहर के वरिष्ठ नेताओं की संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर बैठक थी। बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, रीना बौरासी सेतिया, पिंटू जोशी, अमन बजाज, नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट भाटिया, राजू भदौरिया , दीपू यादव, दिनेश मल्हार और शैलेश गर्ग सहित कई नेता मौजूद थे। पटवारी ने सभी को विधानसभा प्रभारियों को आगामी नगर निगम चुनाव और वार्डों की वर्तमान स्थिति को लेकर चर्चा करने बुलाया था। इसी बीच चिंटू चौकसे के साथ नेता प्रतिपक्ष पद छीन जाने को लेकर हंसी मजाक होने लगी। चौकसे पर कुछ नेताओं ने कटाक्ष किया कि शहर कांग्रेस कैसे चलेगी ? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी नहाने चले गए थे। इसी बीच पिंटू जोशी ने चौकसे को कहा कि कई जगह उमीदवार नहीं और संगठन में भी कुछ भी नहीं हो रहा है। इस बात पर जोशी और चौकसे के बीच बहस होने लगी। बात गाली गलौज तक पहुंच गई। पटवारी को इसकी बाथरूम में किसी ने जानकारी दी कि नेता आपस में भीड़ लिए। वे बाथरूम से बाहर आए और सभी को समझाइश देकर पुनः बैठक शुरू की। सभी को अपने अपने प्रभार वाली विधानसभा में संगठन और सम्भावित उम्मीदवारों की खोज एवं स्थिति पर ध्यान देने की हिदायत दी।

